# जोबट परियोजना
# (निर्मित)

## परिचय –

जोबट परियोजना नर्मदा मास्टर प्लान द्वारा चिन्हित 29 वृहद परियोजनाओं में से एक है। परियोजना कुक्षी तहसील से 24 कि.मी. दूर वास्केल ग्राम के समीप स्थित है। परियोजना से कुक्षी तहसील व कुक्षी विधानसभा क्षैत्र के 24 ग्रामों में 9848 हैं. क्षैत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। परियोजना की सिंचाई सुविधा से 2450 परिवार लाभांन्वित होंगे जिनमें 34 परिवार अनुसूचित जाति (1:) 1179 परिवार अनुसूचित जनजाति (49:) व शेष 1237 परिवार (50:) सामान्य श्रेणी के है।

## परियोजना का प्रमुख विवरण –

परियोजना के अंतर्गत ग्राम वास्केल के समीप नर्मदा की सहायक नदी हथनी पर 462.50 मी. लम्बाई व 38. 00 मी. ऊंचाई का कम्पोजिट ग्रेविटी बांध बनाया गया है। परियोजना की पुनरीक्षित लागत का रू. 23061 करोड़ का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग टी.ए.सी. द्वारा स्वीकृत किया गया है। बांध जलाशय की स्टोरेज

.

क्षमता 77.84 मि. घनमीटर है व 13.10 वर्ग मी. क्षै. में जलस्तर का फैलाव है, जिससे झाबुआ जिले के 13 ग्रामों की भूमि आंशिक रूप से डूब में आती है। कुल 1310.09 है डूब प्रभावित भूमि में से 798.49 है. निजी भूमि, 388.38 हैक्ट. शासकीय भूमि व 123.22 हैक्ट. वन भूमि है। डूब प्रभावित 909 परिवारों को राज्य की पुनर्वास नीति के अनुसार उमदा, छोटी, खट्टाली, माछलिया, वास्केल व भिति ग्रामों में बसाया गया है। बांध की मुख्य विशेषताऐं निम्नानुसार है। :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| . | उच्चतम बांध स्तर – | 263.60 | मी. |
| 2. | उच्चतम जल स्तर – | 260.17 | मी |
| 3. | पूर्ण जलाशय स्तर – | 260.17 | मी |
| 4. | क्रेस्ट लेवल – | 247.67 | मी |
| 5. | नहर निकास द्वार का न्यूनतम जल स्तर – | 249.50 | मी |
| 6. | न्यूनतम उपयोगी जल स्तर – | 251.00 | मी |
| 7. | अनुपयोगी जल ग्रहण क्षमता – | 7.80 मि.घनमीटर | |
| 8. | उपयोगी जल ग्रहण क्षमता – | 70.04 मि.घनमीटर | |
| 9. | कुल जल ग्रहण क्षमता – | 77.84 मि. घनमीटर | |
| 10. | रेडियल गेट (नं.ग्साईज) – | 8 नं. (15 मी.ग 12.50 मी. ) | |
| 11. | डिजाइन फ्लड – | 9980 क्यूमेक्स | |

परियोजना के बांये तट से नहर प्रणाली द्वारा निम्नानुसार सिंचाई प्रस्तावित है :–

| नहर का नाम | लम्बाई | | | सिंचाई | |
|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य नहर (कि.मी.) | वितरण नहर (कि.मी.) | माईनर सब माईनर (कि.मी.) | लाभांन्वित ग्राम (संख्या) | क्षैत्र (हैक्ट.) |
| बांयी तटनहर | 29.73 | 58.12. | 93.76 | 24 | 9848 |

**वर्तमान स्थिति**

:

मुख्य बांध का रेडियल गेट सहित निर्माण पूर्ण हो चुका है। नहर प्रणाली का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं पूर्व निर्मित सिंचाई क्षमता 9848 हे. में सिंचाई की जा रही है ।